# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 08.01.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ", अमर उजाला, आज, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा,ज्ञानशिखा टाइम्स, जनवार्ता,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 08.01.2025

### अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई

**वाराणसी।** वीडीए ने मंगलवार को अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई गई। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार सारनाथ वार्ड के चोलापुर इटवा चांदपुर नहर के पास गजानंद तिवारी की ओर से 2 बीघे में अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। पुलिस बल के सहयोग से उसे ध्वस्त किया गया। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 08.01.2025

### री-डेवलपमेंट के लिए आवंटियों को दी जानकारी

**वाराणसी।** इंग्लिशिया लाइन के जवाहर लाल नेहरू व्यावसायिक कांप्लेक्स के री-डेवलपमेंट के लिए मंगलवार को आवंटियों के साथ बैठक हुई। वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने कहा कि वीडीए बोर्ड की ओर से स्वीकृत योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए एनबीसीसी के साथ एमओयू हुआ है। री-डेवलपमेंट के संबंध में वार्ता की गई। परियोजना के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। दुकान स्वामियों ने परियोजना का स्वागत किया। आगामी दिनों में फिर से बैठक बुलाई जाएगी। बैठक में संपत्ति अधिकारी आनंद प्रकाश तिवारी, जीएम एनबीसीसी अनिल यादव शामिल रहे। ब्यूरो

## आज–दि0 08.01.2025

### अवैध प्लाटिंग पर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर अभियंताओं की टीम ने मंगलवार को वार्ड-सारनाथ में गजानंद तिवारी मौजा-इटवा, बलआ, चांदपुर में दो बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग करा रहे थे। शिकायत के आधार पर जोनल अधिकारी श्रीप्रकाश, अवर अभियंता वर्तिका दुबे, क्षेत्रीय सुपरवाइजर, स्थानीय पुलिस के सहयोग से प्रवर्तन दल ने प्लाटिंग पर हुये निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## आज–दि0 08.01.2025

### अवैध प्लाटिंग पर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर अभियंताओं की टीम ने मंगलवार को वार्ड-सारनाथ में गजानंद तिवारी मौजा-इटवा, बलुआ, चांदपुर में दो बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग करा रहे थे। शिकायत के आधार पर जोनल अधिकारी श्रीप्रकाश, अवर अभियंता वर्तिका दुबे, क्षेत्रीय सुपरवाइजर, स्थानीय पुलिस के सहयोग से प्रवर्तन दल ने प्लाटिंग पर हुये निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 08.01.2025

### वीडीए व एनबीसीसी ने किया एमओयू संग बैठक



**वाराणसी।** कैंट स्टेशन के पास इंग्लिशिया लाइन स्थित जवाहरलाल नेहरू व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स के परिसर में वीडीए के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में एमओयू तथा दुकान स्वामियों से पुनर्निर्माण के सम्बंध में वार्ता की गयी। इसमें परियोजना के बारे में लोगो को जानकारी दी गयी। दुकान स्वामियों द्वारा इस परियोजना का स्वागत किया गया। इस सम्बंध में पुनः बैठक होगी। मंगलवार को हुई बैठक के दौरान अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, सम्पत्ति अधिकारी आनन्द प्रकाश तिवारी, जीएम एनबीसीसी अनिल यादव आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 08.01.2025

### वीडीए ने अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

वाराणसी (एसएनबी)। वीडीए जोन-2 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई मंगलवार को भी की गयी। सारनाथ वार्ड अन्तर्गत गजानंद तिवारी द्वारा मौजा-इटवा, बलुआ,चांदपुर नहर में लगभग दो बीघा में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी जिसे प्रवर्तन टीम ने पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कर दिया।

मौके पर जोनल अधिकारी प्रकाश, अवर अभियंता वर्तिका दूबे एवं प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर उपस्थित रहे। वीडीए उपाध्यक्ष द्वारा लोगों से अपील की



गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें। अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्रवाई की जायेगी।

: vcvdavns : Varanasi Development Authority, Janhit Service : janhit.upda.in, E-Tender : etender.up.nic.in

Online Building Plan Approval System : www.upobpas.in, Awas Bandhu, Govt of UP: www.awas.up.nic.in

## हिन्दुस्तान–दि0 08.01.2025

### व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स में दुकान का भरोसा

वाराणसी। जवाहरलाल नेहरू व्यवसायिक कॉम्पलेक्स के संबंध में मंगलवार को इंग्लिशियालाइन स्थित जवाहर मार्केट में वीडीए अधिकारियों और दुकानदारों के बीच बैठक हुई। अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने दुकानदारों को वीडीए और एनबीसीसी के बीच हुए समझौते की जानकारी दी और नये परिसर में भी दुकानें आवंटित करने का आश्वासन दिया। बैठक में सम्पत्ति अधिकारी आनन्द प्रकाश तिवारी, एनबीसीसी जीएम अनिल यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

## जनवार्ता–दि0 08.01.2025

### दो बीघा अवैध प्लाटिंग पर वीडीए का चला बुलडोजर



मंगलवार को अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करवाते वीडीए कर्मचारी।

वाराणसी (जनवार्ता)। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-2 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी। वार्ड-सारनाथ, थाना चोलापुर के अन्तर्गत गजानन्द तिवारी प्लाटिंगकर्ता द्वारा मौजा इटवा, बलआ, चांदपुर नहर, चोलापुर में लगभग 2 बीघा में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी जिसे मंगलवार को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया। इस मौके पर जोनल अधिकारी श्री प्रकाश, अवर अभियंता वर्तिका दूबे, प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे। वीडीए की इस कार्रवाई से कालोनाइजरों में हड़कंप है।

ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 08.01.2025

## जोन-2 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

वाराणसी। वार्ड– सारनाथ, थाना– चोलापुर के अन्तर्गत गजानन्द तिवारी प्लाटिंगकर्ता द्वारा मौजा–इटवा, बलआ, चांदपुर नहर, थाना– चोलापुर, जिला– वाराणसी में लगभग 2 बीघा में अवैध प्लाटिंग किये जा रहे थे, अवैध प्लाटिंग को आज 07.01.2025 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से प्लाटिंग ध्वस्त किया गया ।मौके पर जोनल अधिकारी श्री प्रकाश , अवर अभियंता वर्तिका दूबे प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले–आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।